नगर आयुक्त ने शहर के एक अस्पताल के पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया

नगर आयुक्त ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को पार्किंग रेट निर्धारित करने का निर्देश दिया

युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने नगर के निपुण अस्पताल एवं परमिंदर अस्पताल में बने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। नगर में हो रही जाम की समस्या के मद्देनजर नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र में बने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने निपुण अस्पताल में बने पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें जानकारी करने पर पता चला कि अस्पताल परिसर में बने पार्किंग स्थल में तीमारदारों द्वारा खड़े किये जाने वाले वाहनों से अधिक शुल्क लिया जा रहा है। जिसकी वजह से अस्पताल परिसर के बाहर तीमारदारों द्वारा सड़क पर वाहन खड़े किये जाते है और जिससे जाम की समस्या बन जाती है। नगर आयुक्त द्वारा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी नर्सिंग होम की पार्किंग के रेट प्राप्त कर लिये जायेंए जिसके आधार पर नियमावली बनाकर एकरुपता लाया जा सकें व दरें निर्धारित की जा सकें। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र में बने परमिंदर अस्पताल के बाहर सड़क के किनारे तीमारदारों द्वारा अवैध रुप से खड़े किये जाने वाले वाहनों को तत्काल हटवाये जाने व अस्पताल परिसर में बने पार्किंग स्थल पर ही तीमारदारों के वाहन खड़े किये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया। जिससे सड़क पर आवागमन बाधित न हो। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा के साथ सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंहए राजस्व निरीक्षक अश्वनी अवस्थी एवं प्रवतर्न दल की टीम मौजूद रही।